# आकाशवाणी शिमला

## 06.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज मंडी जिला के मेडिकल कॉलेज नेरचौक में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारंभ किया। इस विश्व स्तरीय आधुनिक तकनीक पर 28 करोड़ 44 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज नेरचौक में पहली बार रोबोटिक सर्जरी को देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आइजीएमसी शिमला और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में भी जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चमियाणा में अब तक एक सौ 51 और टांडा मेडिकल कॉलेज में 92 ऑपरेशन रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में एम्स दिल्ली के स्तर पर हाई एंड तकनीक का समावेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नेरचौक मेडिकल कॉलेज में जल्द ही थ्री टेस्ला एम.आर.आई मशीन और पैटस्कैन की सुविधा शुरू की जाएगी।

बाद में मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों व स्टाफ से संवाद किया और मेडिकल कॉलेज में विभिन्न सुविधाओं और कमियों के बारे में जानकारी हासिल की।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में बिजली वितरण व्यवस्था को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कांगड़ा जिले के शाहपुर क्षेत्र में आज विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण और नई विद्युत लाइन का शुभारंभ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। राजेश धर्माणी ने लंज गाहलियां में तीन करोड़ 84 लाख रूपए की लागत से निर्मित 33 केवी विद्युत लाइन का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस विद्युत लाइन के शुरू होने से शाहपुर, कांगड़ा और देहरा विधानसभा क्षेत्र की 15 पंचायतों में लोगों को लो वॉलेटेज और बार–बार बिजली कटौती की समस्या से निजात मिलेगी।

**पैंशनर**

प्रदेश में करीब 40 हजार पेंशनर अपने वित्तीय लाभों से वंचित हैं। हिमाचल प्रदेश पेंशनर ज्वाइंट फ्रंट ने इस संबंध में आज शिमला के कालीबाड़ी में एक बैठक का आयोजन किया। फ्रंट के अध्यक्ष आत्मा राम ने जनवरी 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत पेंशनरों को वित्तीय लाभ देने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के एरियर और मेडिकल बिलों के भुगतान का मामला भी सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

**जन स्वास्थ्य अभियान**

जन स्वास्थ्य अभियान संस्था ने हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत लोगों में अपने स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया है। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक अभय शुक्ला ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकारों ने इस एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया, जिससे मरीजों के अधिकारों की उपेक्षा हुई है और निजी अस्पतालों को मनमानी की खुली छूट दी गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस एक्ट को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की और कहा कि संस्था लोगों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगी।

**व्याख्यान**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में आज 27वां डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान परिसर में नव स्थापित गुरूदेव रविंद्रनाथ टैगोर चित्रदीर्घा का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर शशि प्रभा कुमार ने की। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफैसर हिमांशु कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि ये स्मृति व्याख्यान श्रृंखला देश और विश्व के प्रतिष्ठित विद्वानों को समकालीन बौद्धिक मंच प्रदान करती है।

**बैठक**

शिमला स्थित प्रदेश विधानसभा सचिवालय में लोक लेखा समिति की दो दिवसीय बैठकों का आयोजन सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इन बैठकों में समिति ने पशुपालन और उद्योग, गृह व कृषि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त विभागीय उत्तरों पर विचार– विमर्श किया।

———————————————